भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2286**

उत्तर देने की तारीख- 12/02/2026

**'डीएजेजीयूए' का कार्यान्वयन**

2286. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' (डीएजेजीयूए) योजना को कार्यान्वित कर रही है;
(ख) यदि हां, तो इस अभियान के तहत शामिल योजनाओं के नाम और इसमें शामिल मंत्रालयों/विभागों का ब्यौरा क्या है;
(ग) प्रत्येक शामिल योजना के तहत लक्षित लाभों, कार्यान्वयन की समय-सीमा और निर्धारित समापन अवधि का ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त अभियान के तहत अब तक की गई प्रगति का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी तंत्र और समयबद्ध कार्य योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क):** सरकार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का कार्यान्वयन कर रही है, जिसका माननीय प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को शुभारंभ किया था। इस अभियान का लक्ष्य पांच वर्षों में 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2911 ब्लॉकों में फैले हुए 63843 जनजातीय बहुल गांवों को कवर करते हुए 5 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित करना है।

इस अभियान का कुल बजट परिव्यय 79,156 करोड़ (केंद्रीय हिस्सा: 56,333 करोड़ और राज्य हिस्सा: 22,823 करोड़) है। प्रत्येक संबंधित मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आबंटित किए गए हैं और वे उन्हें सौंपे गए उपायों के कार्यान्वयन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इस अभियान का उद्देश्य अभिसरण और आउटरीच (पहुंच) के माध्यम से संतृप्ति प्रदान करना है।

**(ख) से (घ):** इस अभियान में 17 लाइन (संबंधित) मंत्रालयों द्वारा क्रियान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य चिह्नित गावों में अवसंरचनात्मक अंतरों को संतृप्त करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार लाना और आजीविका के अवसर-प्रदान करना है। इस अभियान के तहत शामिल योजनाओं के नाम, इसमें शामिल मंत्रालयों/विभागों, समय-सीमा तथा निर्धारित पूर्णता अवधि तथा अब तक हुई प्रगति का विवरण अनुलग्नक-I पर दिया गया है।

**(ड.) :** अभियान के तहत हुई प्रगति का आकलन करने के लिए डीएजेजीयूए के तहत मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। ये बैठकें मंत्रालय और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र स्तरों पर कार्यान्वयन की वास्तविक और वित्तीय प्रगति की निगरानी करने का भी काम करती हैं।

अनुलग्नक-I

**दिनांक 12.02.2026 को उत्तर के लिए उठाए गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2286 के भाग (ख),(ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए (दिनांक 30.01.2026 तक) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मंत्रालय** | **गतिविधि** | **मिशन लक्ष्य (2024-2028)** | **मार्च 2026 तक का लक्ष्य** | **स्वीकृति** | **प्रगति** |
| 1 | **ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)** | पीएमएवाई-जी-आवास | 20 लाख | 6 लाख | स्वीकृत आवास: 12,76,886 | पूरे हुए आवास: 7,32,134 |
| | | पीएमजीएसवाई-सड़कें | 25,000 कि.मी. सड़क | 7,500 गांव | 2411.25 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी | कार्य अभी शुरू होना शेष है |
| 2 | **जल शक्ति मंत्रालय** | जल जीवन मिशन (जेजेएम) | सभी गाँवों को संतृप्त किया जाएगा | 1,500 गांव | स्वीकृत गाँव: 63,035 | संतृप्त गाँव: 28,303 |
| 3 | विद्युत मंत्रालय | नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना - आरडीएसएस | 2.35 लाख आवास | 70,000 आवासों को विद्युतीकृत किया जाएगा | स्वीकृत: 2,87,761 (आवास और सार्वजनिक संस्थान) | विद्युतीकृत क्षेत्र: 59,812 (आवास और सार्वजनिक संस्थान) |
| 4 | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | नई सौर ऊर्जा योजना- पीएम सूर्य घर योजना | 2000 संस्थानों में सोलर रूफटॉप का प्रावधान और 100 मॉडल सोलर जनजातीय गांव | | स्वीकृत: 4,099 आवास (मणिपुर में 100 और अरुणाचल प्रदेश में 3099) | स्थापित होना अभी शुरू नहीं हुआ है |
| 5 | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत | 1,000 एमएमयू | 100 एमएमयू | 154 एमएमयू | 154 एमएमयू संचालित |

| वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए (दिनांक 30.01.2026 तक) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मंत्रालय** | **गतिविधि** | **मिशन लक्ष्य (2024-2028)** | **मार्च 2026 तक का लक्ष्य** | **स्वीकृति** | **प्रगति** |
| | | सचल चिकित्सा इकाइयाँ | | | | |
| 6 | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | आंगनवाड़ी केंद्र-पोषण 2.0 (आईसीडीएस) | 2,000 नए आंगनवाड़ी | 400 नए | 875 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी | 626 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित |
| 7 | स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय | समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) | 1,000 छात्रावास | 300 छात्रावास | 692 छात्रावास स्वीकृत | 311 छात्रावासों का शिलान्यास किया गया |
| 8 | दूरसंचार विभाग | सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) | 5,252 गांव | 1500 गांव | स्वीकृत गांव: 5,252 | कवर किए गए गांव: 3,666 |
| 9 | पर्यटन मंत्रालय | उत्तरदायी पर्यटन (स्वदेश दर्शन) | 1000 गृह प्रवास (होम स्टे) | 100 गृह प्रवास (होम स्टे) | 17 राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और वर्तमान में अनुमोदन के लिए विचाराधीन हैं। | 24.11.2025 को आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख, मध्य प्रदेश और मिजोरम में 17.7 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) | एफआरए पट्टा धारकों को कृषि सहायता (~ 2 लाख) | 60000 लाभार्थी | | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 1,73,000 लाभार्थियों की पहचान की |
| 11 | मत्स्य पालन विभाग | प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) | जनजातीय मछुआरों को सहायता: 10,000 | 3000 लाभार्थी | 5700 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है | 700 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं |

| वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए (दिनांक 30.01.2026 तक) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मंत्रालय** | **गतिविधि** | **मिशन लक्ष्य (2024-2028)** | **मार्च 2026 तक का लक्ष्य** | **स्वीकृति** | **प्रगति** |
| | | | आईएफआर और 1000 सीएफआर | | | |
| | पशुपालन और डेयरी विभाग | राष्ट्रीय पशुधन मिशन | 8500 आईएफआर धारकों को पशुधन प्रबंधन सहायता | 2550 लाभार्थी | गुजरात, मध्य प्रदेश, असम और जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाएं | विभाग ने 2025-26 में 6 राज्यों को 8 करोड़ रुपये जारी किए हैं (जम्मू और कश्मीर, गुजरात, त्रिपुरा, असम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) |
| 12 | कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय | जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना | (i) जनजातीय जिलों में 30 कौशल विकास केंद्र | 9 कौशल विकास केंद्र और 300 वन धन विकास केंद्रों को प्रशिक्षण | 30 जिलों में 30 जनजातीय कौशल केंद्रों को मंजूरी दी गई | देश भर में 30 कौशल विकास केंद्रों का उद्घाटन किया गया जिनमें 21713 लाभार्थी नामांकित हैं। 1078 बैच बनाए गए हैं। |
| | | | (ii) 1000 वीडीवीके और जनजातीय समूहों का प्रशिक्षण | | 250 वीडीवीके के प्रशिक्षण को मंजूरी | 264 वीडीवीके के लिए राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों की पहचान कर ली गई है |
| 13 | आयुष मंत्रालय | पोषण वाटिका - राष्ट्रीय आयुष मिशन | | 700 पोषण वाटिकाएं | ईएमआरएस में 243 पोषण | आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में |

| वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए (दिनांक 30.01.2026 तक) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मंत्रालय** | **गतिविधि** | **मिशन लक्ष्य (2024-2028)** | **मार्च 2026 तक का लक्ष्य** | **स्वीकृति** | **प्रगति** |
| | | | | | वाटिकाएं स्वीकृत | ईएमआरएस में 111 पोषण वाटिका बनाने की योजना है |
| 14 | पंचायती राज मंत्रालय | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) | एफआरए से संबंधित सभी ग्राम सभाओं, उपमंडलों और जिलों में एफआरए जागरूकता कार्यक्रम | | कुल प्रशिक्षित किए जाने वाले अनुसूचित जनजाति प्रतिभागी- 46,19,662 | कुल प्रशिक्षित अनुसूचित जनजाति प्रतिभागी - 7,81,661 |
| 15 | **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय** | एलपीजी - उज्ज्वला योजना | 25 लाख एलपीजी कनेक्शन | 7.5 लाख परिवार | | 65,184 जनजातीय परिवारों को एसवी दिए गए |
| 16 | **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** | डिजिटल पहल | प्रगति रिपोर्ट नहीं की गई। | | | |

**जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा निम्न पहलें की गई हैं और डीएजेजीयूए के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय के उपायों में वित्तीय प्रगति निम्नानुसार है: -**

| **योजना का नाम** | **अनुमोदित परियोजनाएँ** | **अनुमोदित निधि (करोड़ में)** | **जारी निधि (करोड़ में)** |
|---|---|---|---|
| **आश्रम स्कूल** | 6,773 | 3,506.43 | 587.81 |
| **टीएमएमसी** | 76 | 77.70 | 41.707 |
| **एफआरए प्रकोष्ठ** | 433 | 63.19 | 40.07 |
| **सीएफआर प्रबंधन योजनाएं** | 620 | 98.60 | 84.20 |
| **सीओसी** | 17 | 48.66 | 37.13 |
| **एससीडी जागरूकता + आशा मानदेय + टीओटी निधि** | | 17.77 | 4.092 |

*****